''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 60 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 01 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

वार्ड 42,43 की जनता ही लड़ रही है यह चुनाव : दीपक यादव

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा सरकार पर बरसते हुए दीपक यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री चाहे कितनी भी रैलियां कर लें बल्लभगढ़ में हमारा काम बोलता है। पूर्व पार्षद दीपक यादव ने बताया कि सभी देवतुल्य बुजुर्गों और जनता के आशीर्वाद से ही मैंने वार्ड नंबर 42 से नामांकन भरा है। यह इलेक्शन मैं नहीं वार्ड 42 की जनता लड़ रही है। जिस तरीके से दोनों वार्डों में राव रामकुमार जी को 2010 में क्षेत्र की जनता ने निर्दलीय पार्षद की जिम्मेदारी दी थी तब यह अकेले इस तरह के पार्षद थे जिन्होंने अपने खर्च से कार्य कराने का काम किया और जब उन्हीं के पदचिह्नों पर चलते हुए 2017 में इसी जनता ने मुझे सबसे युवा पार्षद होने का गौरव देकर सदन में भेजने का कार्य किया था तो मैंने भी सड़क से लेकर सदन तक उनकी आवाज उठाने का कार्य किया। अब फैसला जनता के हाथ में है कि वह किसे चुनेगी।

हमारा परिवार पहले से ही जनता की सेवा करता आया है और आगे भी करता रहेगा: राव रामकुमार

पूर्व पार्षद एवं बल्लभगढ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राव रामकुमार ने बताया कि दीपक यादव ने अपना पिछला कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा किया है। अभी तक दीपक यादव के के उपर ऐसा कोई भी आरोप नहीं है जो इसके उपर दाग लगाता हो, साफ सुथरी छवि के साथ दीपक ने निस्वार्थ भावना से सबके काम किए हैं। मुझे पूरा विश्वास है और जनता जनार्दन सब जानती है दीपक को फिर से लोगों की सेवा करने का मौका हमें मिलेगा। 2010 से अब तक निरन्तर हमारा परिवार पद के साथ जनता की सेवा में लगा हुआ है, और बिना पद की बात करें तो हमारा परिवार हमारे बुजुर्ग, हमारे दादा, हमारे पड दादा सैकड़ो सालों से बल्लभगढ़ की जनता की सेवा करते आए हैं और उसी के प्रतिफल जनता हमें 2 मार्च को अपना आशीर्वाद देगी, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

चुनाव प्रचार का आखिरी दिन

बल्लभगढ़ के वार्ड 40, 42, 43 में जीत की ओर अग्रसर हवाई जहाज?

बल्लभगढ़ की जनता जानती भी है और पहचानती भी है

वार्ड 42 के पार्षद पद उम्मीदवार दीपक यादव एवं वार्ड 43 की पार्षद पद उम्मीदवार रश्मि यादव चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जनसभा को संबोधित करते हुए।

समाचार गेट/संजय शर्मा/सुमित गोयल

बल्लभगढ़। नगर निगम चुनाव के लिए सभी उम्मीदवारों ने पूरे जोश-उत्साह के साथ प्रचार किया। भाजपा, कांग्रेस, आप, बीएसपी जैसी पार्टियों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी कोई कोर-कसर नहीं छोडी है। अब जबकि प्रशासन द्वारा प्रचार प्रसार अभियान पर 48 घंटों की समयावधि के लिए रोक लगा दी गई है।

एक तरफ जहां भाजपा प्रत्याशियों के प्रचार के लिए कैबिनेट मंत्रियों एवं विधायकों ने कार्यक्रमों में अपना समर्थन दिया तो वहीं शहर में मुख्यमंत्री स्तर के रोड शो भी हुए। चुनावी माहौल में वार्ड 36 से भाजपा के प्रत्याशी कुलदीप साहनी निर्विरोध जीत रहे हैं, बावजूद इसके बल्लभगढ शहर के बीचों-बीच वार्ड 42 इस बार काफी चर्चित रहा है क्योंकि इस वार्ड से भाजपा के उम्मीदवार बुद्धा सैनी के मुकाबले में निर्दलीय उम्मीदवार दीपक यादव जीत की ओर अग्रसर दिखाई पड़ रहे हैं। कुम्हार वाडा, बनिया वाडा, ब्राह्मण वाडा, जगदीश कालोनी, मुकेश कालोनी के अलावा बल्लभगढ मैन बाजार के लोगों की मानें तो वार्ड 42 में यादव परिवार का प्रभाव भाजपा प्रत्याशी पर हावी पड़ता दिखाई दे रहा है।

यादव परिवार के जाने पहचाने चिराग दीपक यादव ने किसी भी पार्टी के टिकट पर न लडने का फैसला करते हुए खुद ही लगातार जनसंपर्क अभियान किया जिसे लोगों ने सराहा भी। कहने को तो वार्ड 42 के मतदाता भाजपा प्रत्याशी बुद्धा सैनी पर चंदावली गांव का निवासी होने की वजह से वार्ड से बाहरी होने का आरोप लगा रहे हैं, तो वहीं यादव परिवार को लोग सैंकडों वर्षों से अहीर वाडे का निवासी और जमीन से जुड़ा हुआ पाते हैं।

वार्ड 42 के लोगों की मानें तो यादव परिवार को और उनके काम को बल्लभगढ की जनता जानती है और पहचानती भी है।

यादव परिवार द्वारा कई मंदिरों के लिए जमीनें दान करना, वर्षों से बल्लभगढ शहर वासियों के दुख: सुख में उनके साथ खडे रहना। यहां के लोग कहते हैं कि यादव परिवार के दरवाजे आधी रात को भी हमारे लिए खुले रहते हैं। दीपक यादव अपने वार्ड में बिना किसी आरोप के कार्यकाल पूरा करने वाले पार्षद रहे, जिसकी वजह से स्थिति मजबूत होती दिखाई दे रही है।

यहां के निवासियों के मुताबिक अगर बल्लभगढ शहर में भाजपा द्वारा खड़े प्रत्याशियों की पकड़ अच्छी होती तो सीएम को पार्षद उम्मीदवारों के लिए मैदान में उतरने की जरूरत नहीं पड़ती। जानकारी के लिए बता दें कि नामांकन के पहले ही दिन राव रामकुमार के छोटे बेटे पवन यादव वार्ड 40 और उनकी पुत्रवधु रश्मि यादव ने वार्ड 43 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मैं पार्षद पद के चुनाव के लिए नामांकन किया था। हिन्दी दैनिक समाचार गेट के संवाददाता ने जब दीपक यादव से 4 दिन बाद नामांकन भरने का कारण पूछा तो उन्होनें बताया कि वार्डबंदी होने के कारण राव परिवार के हजारों समर्थकों का वोट बैंक वार्ड 42 में आ गया है एवं उनके आग्रह एवं आश्वासन पर ही पूर्व पार्षद दीपक यादव को वार्ड 42 से नामांकन भरना पड़ा था।

भाजपा ने जो वार्ड नंबर 42 के लोगों के साथ धोखा किया है इस वार्ड को बीसीबी ग्रेड में आरक्षित कर दिया। जब1994 मैं नगर निगम बना था तब से इस वार्ड से जनरल सीट रही है और इस वार्ड पर जनरल पार्षद बनता आया है। इस नाराजगी को लेकर यहां के लोगों ने दीपक यादव को खुद खड़ा करा है। - **विपिन गोयल**

वैसे तो यह जनरल वार्ड था जिसको वीसीबी में रिजर्व कर दिया। लेकिन पार्षद चाहे किसी भी वर्ग का हो हमें ऐसे पार्षद की जरूरत है जो यही का निवासी हो और समय पढ़ने पर जनता के साथ खड़ा हो। दीपक यादव में यह सब खूबियां देखी गई है। -**गोपाल गोयल समाजसेवी**

पार्षद के चुनाव गली व शहर की समस्याओं का चुनाव होता है हमें ऐसे पार्षद की आवश्यकता है जो ग्राउंड लेवल पर रहकर काम करें जो दिन रात समय पड़ने पर जनता की आवाज बनकर उनके साथ खड़े रहे समय पढ़ने पर सबसे पहले पार्षद को ही याद किया जाता है।

- **नीरज सिंगला व्यापारी**

दीपक यादव के टक्कर में कोई नहीं है जनता की आवाज यही है कि दीपक यादव को लाना है वहीं मुख्यमंत्री के आने से रैलियां करने से कोई फर्क नहीं पड़ता है जनता काम देखती हैं दीपक की छवि पार्षद के रूप में अच्छी रही है।

- **विजेंद्र सिंह स्थानीय निवासी**

भाजपा सरकार ने एसे प्रत्याशी को उतारा है जिसका ना तो यहां घर है ना कोई ठिकाना ऐसे प्रत्याशी को यहां की जनता ने नकार दिया है और जहां से आए हैं वहीं जाने की सलाह दे दी है दीपक यादव यही का बेटा है और उनकी टक्कर में कोई नहीं है और सीएम की जो रैली करी गई थी वह फ्लॉप थी। - **राजकुमार वार्ड निवासी**

भारतीय जनता के प्रत्याशी ने इस वार्ड में अभी तक कोई कदम नहीं रखा और प्रत्याशी कोई भी हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा द्वारा थोपे गए प्रत्याशी पहले भी पार्षद रह चुके हैं दूसरे वार्ड से जिन्होंने आज तक उस वार्ड में भी कोई कार्य नहीं किया है दीपक यादव यहां की जनता की पसंद है। हमने इनका कार्यकाल देखा हुआ है यह जनता के साथ खड़े रहते हैं। - **बाबूराम**

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पवन यादव ने रैली के जरिए दिखाई अपनी ताकत

समाचार गेट/सुमित गोयल

बल्लभगढ़। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन वार्ड नंबर 40 से निर्दलीय प्रत्याशी पवन यादव ने अपार जन समूह के साथ रैली निकाल कर अपने प्रतिद्वंदियों को दिखा दिया कि वह टक्कर में आगे चल रहे हैं। अपार भीड़ में निर्दलीय प्रत्याशी पवन यादव का मालाओं से जगह जगह स्वागत किया महिला और बुजुर्गों ने अपना आशीर्वाद देकर उन्हें अपना समर्थन दिया।

रैली में शामिल हुए लोगों ने कहा कि युवा शिक्षित ईमानदार पवन यादव पार्षद पद के निर्दलीय उम्मीदवार हैं, पहले उनके पिता रावराम कुमार भी यहां से पार्षद रह चुके हैं, उनका कार्यकाल इतना बढ़िया था कि उस समय किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी होती थी तो वह अपनी समस्याओं को लेकर रावराम कुमार के पास जाते थे वह स्वयं अपने खर्चे से भी उस कार्य को कर के लोगों की सहायता कर थे। रैली में मौजूद सेक्टर 3 के लोगों ने कहा पवन यादव में उनके पिता की ही छवि है वह जनता के साथ है वह भी उनकी समस्याओं को सुनकर निवारण करने के लिए तत्पर खड़े रहते हैं। इस बारे में पवन यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा मेरे पिता मेरे आदर्श हैं उन्होंने के पद चिन्हों पर चलकर ही मैं यहां तक पहुंचा हूं और आज जनता के बीच में हूं, मैं भी जनता की सेवा करने में पीछे नहीं हटूंगा जिस तरह मेरे पिता ने पार्षद के रूप में पहले जनता की सेवा की थी ठीक उसी प्रकार मैं भी जनता के लिए अपने आप को समर्पण करता हूं। इस मौके पर उनके पिता राव राम कुमार भी पवन यादव के लिए वोटों की अपील करते हुए दिखे। राव राम कुमार ने उन्होंने जनता से पवन यादव के चुनाव चिन्ह हवाई जहाज पर वोट डालने की अपील की।

OMAXE
Turning dreams into reality
250 Sqft. Shop
Starts @35.87 Lakhs
Monthly Rent 37,125/-
INVESTOR SMILE REAL ESTATE
9899403449, 9810796736

2010 में रावराम कुमार भी पार्षद रहे थे उन्होंने इस वार्ड में सभी टूटी हुई सड़कों को बनवाया पानी जैसे समस्याओं को खत्म करवाया अब पवन भी उनके कदमों पर चल रहा है इस वार्ड से वह ही पार्षद बनेगा और यह आपर भीड़ का जन समूह यह राव साहब का प्यार है जो उनके साथ इतनी भीड़ की संख्या है

- **मनीष शर्मा समाजसेवी**

पवन यादव शिक्षित पढ़ा लिखा और अच्छा लड़का है 10-12 साल से उनके पिता भी यहां की सेवा करते आए हैं पहले उनके पिता ने यहां पर विकास कार्य को करवाया है और अब पवन को यह मौका मिला है नई युवा पीढ़ी को मौका मिला है यह अच्छी बात है - **शेखर गोयल**

14,70,687 मतदाता डालेंगे वोट नगर निगम चुनाव के मद्देनजर बनाए गए 1302 मतदान केंद्र

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज शुक्रवार को जिला फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए स्थापित स्ट्रांग रूम का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम सेक्टर - 14 स्थित महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम, डीएवी स्कूल में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरिक्षण कर चुनाव पारदर्शिता व निष्पक्षता से कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात राजकीय महिला विद्यालय सेक्टर-16, समुदायक केंद्र सेक्टर-28, के एल मेहता महिला कॉलेज, एनआईटी-5 और डीएवी कॉलेज एनआईटी-3 में स्थापित स्थापित स्ट्रांग रूम, बेरेगेटिंग और पार्किंग समेत दूसरी व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम फरीदाबाद शिखा, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआरओ सुशिल शर्मा सहित सभी विभागों से सम्बंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दांत दर्द के सरल उपचार

दांत हमारे चेहरे की शोभा हैं। ये भोजन चबाने और पचाने के लिए पहला स्त्रोत हैं। इनको ठीक रखना जरूरी है।

अधिक मिठाइयां खाने, चीनी खाने, धूम्रपान, बेकरी की बनी चीजें खाने, कभी गर्म तो कभी ठंडा एक साथ पीने, दांत साफ न करने-विशेषकर राक को सोने से पूर्व दांत साफ न करने से दातों के रोग हो जाते हैं। फिर तो दांत दर्द भी करते रहते हैं। जल्दी टूट जाते हैं। खाने-पीने का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। दांतों में पीब पड़ना, दांतों से खून निकलना, मसूढ़े खराब रहना परेशानी का कारण है।

मसूढ़े तथा दांत ठीक रहें, इसके लिए-

धूम्रपान, मिठाई, चीनी, टॉफी केक, आदि की त्याग करें।

नीम के दातुन से दांत साफ करना सबसे अच्छा है या जो भी दातुन मिले वही ठीक है। न मिले तो ब्रश ही सही।

अधिक गर्म पदार्थ, अधिक ठंडे पदार्थ नहीं खाएं। विशेषकर एक के बाद दूसरा न खाएं, न पीएं।

ये चीजें अधिक खाएं:

1. सालद, 2. कच्ची सब्जियां, 3. पके फल, 4. नींबू, 5. गाजर, 6. मूली, 7. शलजम, 8. गन्ना, 9. प्याज, 10. लहसुन, 11. दूध, 12. आंवला, 13. हल्दी, 14. लौंग, 15. हींग, 16. बीन्स फलियां आदि।

आंवले का रस: आंवले का रस निकालें। इसमें जरासा पिसा कपूर मिलाएं। इसे दांतों पर लगाएं। दर्द ठीक होगा।

नींबू का रस: आधा गिलास पानी लें। इसमें सैंधा नमक डालकर मिलाएं। इसमें नींबू निचोड़ें। अब इससे दांत साफ करें। कुल्ला करें।

हींग तथा हल्दी: पिसी हुई हींग तथा हल्दी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ले। इसे दुखते दांतों पर रखें। थोड़ा दबाएं।

हल्दी का चूर्ण: इसे दांतों पर मलने से दर्द नहीं रहता।

लौंग: दर्द करते दांतों में लौंग रखें। गंदा पानी निकल जाएगा तथा दर्द भी ठीक होता जाएगा।

अब नहीं होगा प्रेग्नेंसी में हाई ब्लडप्रेशर

गर्भवती महिलाएं अब उच्च रक्तचाप की बीमारी से छुटकारा पा सकेगी। महाराष्ट्र के कोल्हापुर के प्रसूति विशेषज्ञ डा. सतीश पत्की ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह दावा करते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार के राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र के एक वरिष्ट वैज्ञानिक डा. रमेश भोंदे के साथ मिलकर एक अनूठी स्टेम सेल थैरेपी ईजाद की है जिससे इस बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है।

गर्भधारण करने के 20 सप्ताह के बाद औरतों में पैरों, हाथों और चेहरे की सूजन बढ़ती है और इसी के साथ औरत का रक्तचाप बढ़ जाता है जिससे काफी समस्याएं पैदा होती हैं। इस बीमारी को 'सिड्रोम ऑफ थियरीज' कहा जाता है। सैकड़ों वर्षों से चिकित्सा बिरादरी के समक्ष यह बड़ी चुनौती थी कि आखिर कुछ गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप अचानक कैसे बढ़ जाता है और भारतीय संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, जहां बच्चे को जन्म देने के दौरान अथवा बच्चे को जन्म देने से पूर्व माताओं की मृत्यु दर अधिक है। डा. पत्की ने बताया कि उनके ईजाद किए इलाज में गर्भवती महिला को दो दिन अस्पताल में बिताने होंगे और इलाज में कोई बड़ा ऑपरेशन शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि इलाज में बोन मैरो ऑपरेशन किया जाता है और उसके नमूने की प्रयोगशाला में जांच की जाती है जिसके बाद स्टेम सेल पॉपुलेशन को अलग कर गर्भ में गर्भनाल के स्थान पर सुई से लगाया जाता है। इसके बाद मरीज के रक्तचाप में काफी सुधार दिखता है और तनाव से राहत पाने के अलावा वह स्वस्थ बच्चे को जन्म देने में सक्षम होती हैं। डा. पत्की के अनुसार उन्होंने अत्यधिक उच्च रक्तचाप से पीड़ित 15 गर्भवती महिलाओं का इस तकनीक से सफल इलाज किया है। डा. पत्की ने कहा कि उन्होंने और डा. भोंदे ने इस प्रणाली का पेटेंट करवाने के लिए आवेदन किया हुआ है और उन्हें लगता है कि इस अनुसंधान की प्रभावशीलता के मूल्यांकन के लिए और व्यापक संशोधन की आवश्यकता है।

हेल्थ प्लस

नहीं छूट रही सिगरेट लंग कैंसर के मामले बढ़े

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद धूम्रपान को रोकने में अपेक्षित मदद नहीं मिल पाई है और इस लत के कारण फेफड़ों के कैंसर के मामलों में वृद्धि हो रही है।

विशेषज्ञों की मानें तो फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान है। सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि युवा पीढ़ी में फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं और वह आधुनिकता की चाह में धूम्रपान की गिरफ्त में तेजी से आ रही है। वरिष्ट चिकित्सक डा श्याम अग्रवाल ने बताया कि धूम्रपान के साथ-साथ मघपान भी फेफड़ों के कैंसर का जन्मदाता होता है। तमाम प्रयासों के बावजूद आज स्थिति यह है कि फेफड़ों का कैंसर आज दूसरा सर्वाधिक कामन कैंसर है। सिगरेट का धुआं और अल्कोहल फेफड़ों की कोशिकाओं और उुतकों को क्षतिग्रस्त कर देते हैं जिससे उनमें कैंसरकारी ट्यूमर उत्पन्न हो जाता है। फलस्वरूप फेफड़ों का सामान्य कामकाज प्रभावित होता है और अन्य समस्याएं भी होने लगती हैं। इंडियन सोसायटी आफ मेडिकल एंड पीडियाट्रिक ओंकोलोजी (आईएसएमपीआ) के एक अध्ययन के अनुसार फेफड़ों के कैंसर के मामले भारत में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। हर साल कम से कम 50,000 नए मामलों का पता चलता है। वरिष्ट चिकित्सक डा सुनीता माहेश्वरी ने बताया कि दूरदराज के गांवों में तो कैंसर के बारे में आज भी ज्यादा जानकारी नहीं है। वहां आज भी लोग हुक्का, बीड़ी, शराब आदि का सेवन करते हैं। महिलाएं भी पीछे नहीं रहतीं। शहरों में जानकारी होने के बावजूद लोग धूम्रपान और मघपान से दूर नहीं रहते। नतीजा, फेफड़ों का कैंसर के रूप में सामने आता है। डा माहेश्वरी मानती हैं कि फेफड़ों के कैंसर से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में फेफड़ों के कैंसर का अच्छे से अच्छा इलाज उपलब्ध है लेकिन जागरूकता का अभाव हर उपलब्धि पर जैसे पानी फेर देता है। डा अग्रवाल के अनुसार हर पांच में से एक व्यक्ति केवल इसलिए फेफड़ों के कैंसर का शिकार होता है क्योंकि वह धूम्रपान करता है। इसलिए सबसे पहले धूम्रपान पर प्रतिबंध को अत्यंत कठोरता से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही हर स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

कैसे स्वस्थ रहें बच्चें?

आजकल भागमभाग वाली जिंदगी में बच्चों की दैनिक दिनचर्या सिर्फ स्कूल आने-जाने सोने और खाने तक ही सिमट कर रह गई है। बच्चों का छह-सात घंटे का समय सिर्फ स्कूल आने-जाने और पढ़ने में ही बीत जाया करता हैं। घर भी उन्हें सुकून नहीं मिलता।

माता-पिता अपने बच्चों को ट्यूशन लगवा देते हैं क्योंकि उन्हें हर समय यह डर बना रहता हैं कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में कहीं उनका बच्चा पिछड़ न जाएं फिर बच्चों के पास अगर समय बचता हैं, तो सिर्फ होमवर्क करने, टी.वी. देखने, खाने और सोने का।

स्कूल से वापस आते समय बच्चों का फूल सा चेहरा मुरझा जाता है तबीयत बिगड़ जाती हैं। बच्चें स्कूल से आने के बाद भी पढ़ाई के लिए मां-बाप की डांट-डपट खाते रहते हैं। अत: स्कूली पढ़ाई, होमवर्क आदि के कारण बच्चे हर समय तनाव में जीते हैं। तनाव का असर उनके स्वास्थय पर भी पड़ता हैं।

बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उन्हें संतुलित पौष्टिक भोजन दिया जाए। साथ ही खाने-पीने एवं अन्य दिनचर्याओं पर भी ध्यान दिया जाए।

इसके लिए निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक हैं :

- बच्चों को प्रात: बैंड-टी की आदत कतई न डालें। प्रात: उठने पर एक गिलास गुनगुने पानी में एक नींबू का रस निचेड़कर पिलाएं। इससे एक तो पाचनशक्ति बढ़ेगी और दूसरी प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती हैं।
- नाश्ते में प्रतिदिन एक गिलास दूध, एक फल जैसे सेब, केला, संतरा, अमरूद आदि का समावेश अवश्य किया जाना चाहिए। साथ ही अंकुरित अनाज अवश्य ही खिलाया जाना चाहिए। अंकुरित अनाज में सूखे मेवे से अधिक ताकत मिलती हैं। अंकुरण के कारण इसमें विटामिन-ई भी पाया जाता है तथा रेशा होने से बच्चों में मोटापा नहीं आ पाता हैं।
- दोपहर व रात के खाने में दाल, हरी सब्जी, दही, कड़ी, सलाद, रोटी-चावल अवश्य खिलाया जाना चाहिए। याद रखें, ज्यादा तलाभुना खाने से शरीर में वसा की अधिकता हो जाती हैं, इसी लिए ऐसा भोजन देना चाहिए जिसमें प्रोटीन की मात्रा अधिक हों।
- आइसक्रीम एवं चाकलेट बच्चे बहुत पसंद करते हैं पर स्वास्थ्य के लिए ये सही नहीं हैं। अग बच्चा जिद करें तो सप्ताह में एक बार तो चाटलेट या आइसक्रीम दे सकते हैं।
- बच्चे को प्रतिदिन छह से आठ गिलास पानी पीने की आदत डालनी चाहिए। फलों के जूस तथा मूट्ठा भी बीच-बीच में देते रहने से बच्चों में पौष्टिकता बढ़ती रहती हैं तथा अध्ययन से थके दिमाग को आराम मिलता हैं।
- बच्चों को सूर्योदय से पहले उठने की आदत डालनी चाहिए। इसी प्रकार रात को नौ बजे तक बिस्तर पर सो जाना भी आवश्यक होता हैं। पूरी नींद लेने से बच्चा चिड़चिड़ा नहीं होता।
- शाम के समय बच्चों को बैडमिंटन, टेबलटैनिस, हॉकी आदि खेलने को कहें। इससे पूरे शरीर का अच्छा-खासा व्यायाम हो जाता हैं।
- छुट्टी के दिन बच्चों को सुबह जॉगिंग पर ले जाएं। खुली हवा में सांस लेने से बच्चों में स्फूर्ति बढ़ती हैं।

हमारी यही राय हैं कि माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाएं, चाहें वो लड़का हो या लड़की। कभी भी लड़के-लड़की में अंतर न समझें। यदि आप ये सोचते हैं कि लड़की पढ़-लिख कर क्या करेंगी आखिर लड़की तो परायी होती हैं, ऐसा बिल्कुल न सोचें यदि इन्हें आप पढ़ायेगे तो आगे जाकर ये अपने माता-पिता व समाज का नाम रोशन करेंगी। इसी लिए सभी को पढ़ाएं। यदि लड़की पढ़ी-लिखी होगी तो अपने परिवार की देख-रेख स्वयं कर सकती हैं।

मोटे पेट की समस्या

हमारे पेट में कई प्रकार के बैक्टीरिया और खमीर होते हैं। इनमें से कुछ हमारे लिए हानिकारक भी होते हैं। जब पेट में खमीर की मात्रा बढ़ जाए और अच्छे बैक्टीरिया कम हो जाएं, तो पाचन क्रिया प्रभावित होती है और गैस बनने लगती है। इन मददगार बैक्टीरिया की कमी के कारण खाना ठीक से नहीं पचता, पेट में परेशान करने वाली हलचल होती है, जी मिचलता है और डकारें आती हैं, गैस निकलती है।

विशेषज्ञों के अनुसार पेट की परेशानियों से बचने के लिए एक तो तय समय पर ही भोजन किया जाए, अत्यधिक (बार-बार) चाय, कॉफी से बचा जाए, मांस-मछली, मदिरा आदि का अधिक सेवन न किया जाए। इसके अलावा अधिक तले पदार्थ, मिर्च मसाला आदि न खाएं। खाने की मनाही नहीं है, जो भी आप खाना चाहें खाएं परंतु एक ही चीज अधिक मात्रा में तो दूध पानी भी हानिकारक है। ताजे फल-सब्जियां और सादा भोजन लेने से पेट अधिक ठीक रहेगा।

''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''
समाचार गेट

लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वयं करती है। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा। हमारे देश के संविधान में निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक प्रावधान किए गए है। यहां जितने बड़े स्तर पर चुनाव सम्पन्न होता है, उतना अन्य किसी देश में शायद ही होता होगा। हम सभी को मतदान करना है और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित भी करना है।

धन्यवाद

नरवीर यादव, कार्यकारी संपादक

हर नागरिक को लेना चाहिए मतदान में हिस्सा

चुनाव आयोग हर पाँच वर्ष बाद आम चुनाव करवाता है। मतदान का दिन हमारे जीवंत लोकतंत्र का उत्सव है। यह हर नागरिक को मतदान का अधिकार उपयोग करने और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने की शक्ति देता है। आज आपको नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिन का लक्ष्य मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना भी हैं और भविष्य के लिए अधिक से अधिक नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए. एक-एक वोट का महत्व है।

धन्यवाद

कृष्णा शर्मा, संपादक

आपका **वोट** ही,
आपकी **आवाज** है।

संपादकीय

दिव्य-भव्य सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ

समुद्र मंथन के दौरान निकले कलश से छलकीं अमृत की चंद बूंदों से युगों पहले शुरू शुरू हुई कुंभ स्नान की परंपरा का तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हुए दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक-धार्मिक समागम महाकुम्भ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 66 करोड़ का आंकड़ा पारकर अनूठा एवं विलक्षण इतिहास रच दिया। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम पर बने नये कीर्तिमानों ने न केवल दुनिया को चौंकाया बल्कि विस्मित भी किया, इस महारिकॉर्ड को स्थापित कर इस महाकुम्भ को संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया, जो न केवल दुनिया को चौंकाने वाला बल्कि सनातन परम्परा का परचम फहराने वाला दुनिया का अकेला आयोजन बन गया है। इस सफल आयोजन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ गया है। इस महा अनुष्ठान ने पूरे विश्व को सनातनी एकता का संदेश तो दिया है, यह भी प्रमाणित किया है कि उत्तर प्रदेश अब हर स्तर पर सक्षम प्रदेश बन चुका है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक नये अध्याय के रूप में देखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित यह मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व बना, जो न केवल अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बना बल्कि दुनिया में भारत की एक नई छवि, भीड़ प्रबंधन, सनातन एकता के लिये अमिट आलेख बन गया है। सनातन गहराई को मापने वालों को बधाई, इससे नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी हिन्दू संस्कृति पुन: अपने मूल्यों एवं संगठन के साथ नई शक्ल एवं ताकत के रूप में प्रतिष्ठापित होगी।

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये अब जागरूक एवं संगठित नहीं होगा तो कब होगा ?

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए डीसी व एसपी ने किया कनीना में मतदान केंद्रों का निरीक्षण

संवेदनशील बूथों पर होगें सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम : डॉ विवेक भारती

आज शनिवार को चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगीं पोलिंग पार्टियां

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना में 2 मार्च को होने वाले नगरपालिका चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला उपायुक्त डॉ विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कनीना नगर पालिका में विभिन्न मतदान केंद्रों तथा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कनीना के एसडीएम एवं आरओ डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत व एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल से चुनाव सम्बंधी जानकारी ली ओर संवेदनशील मतदान केंद्रो पर सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। कनीना के 14 वार्डों में 9 से 14 वार्ड संवेदनशील घोषित किए गए हैं।

डीसी डॉ विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की बुनियादी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। कंट्रोल रूम का रिस्पांस तुरंत होना चाहिए। इसके अलावा सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरा की लोकेशन के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोटिंग में सिर्फ वहीं नागरिक मताधिकार का उपयोग कर सकेगा, जिसका नाम संबंधित नगर पालिका की वोटिंग लिस्ट में शामिल है।

डीसी ने कहा कि किसी मतदाता के पास वोटर कार्ड नहीं है तो वह पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंगस द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, भुगतान आदेश, भूतपूर्व विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश फोटो सहित, स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित, राशन कार्ड, यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकेगें। जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। एक मार्च को सभी पोलिंग पार्टियां ईवीएम तथा चुनावी सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए रवाना होगी। चुनाव होने के बाद ईवीएम कंट्रोल रूम में जमा की जाएगीं।

चेयरमैन तथा 14 वार्ड पार्षदों के लिए होगा चुनाव

कनीना में नपा चेयरमैन का पद महिला के लिए आरक्षित होने की वजह से 7 महिलाएं तथा वार्ड पार्षद के लिए 41 सहित कुल 48 उम्मीद्वार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 24 महिलाएं शामिल हैं। इस बार कनीना में चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हो रहा है। जिसे लेकर मैदान में डटी 7 महिलाएं दिनरात एक कर मतदाताओं से संपर्क साध रही हैं। पांच वार्डों वार्ड नम्बर एक, दो, आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें सीधा मुकाबला रहने की संभावना है। नपा कनीना के 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें।

चुनाव अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा आम चुनाव के लिए शनिवार एक मार्च को पोलिंग पार्टियों ईवीएम देकर रवाना किया जाएगा। चुनाव के बाद ईवीएम यहीं पर रखी जाएगीं। 12 मार्च को कडी सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सभी बंदोबस्त पूरे कर लिए गए हैं। इस मौके पर एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, डीएसपी दिनेश कुमार, चुनाव कानूनगो पूनम, विक्रम सिंह, कनीना शहर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार उपस्थित थे।

मंजीत चुने गए कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान व शशी कुमार बने कोषाध्यक्ष

प्रधान पद के लिए 4 तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीद्वार डटे थे चनाव मैदान में

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मैंदान में डटे 4 उम्मीद्वारों में से मंजीत कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी अखिल कुमार को 104 मतों की शिकस्त देकर विजय प्राप्त की है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सह चुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि कुल 156 मतों में 153 मत पोल हुए जिनमें से अधिवक्ता मंजीत सिंह को 119 मत, अखिल कुमार को 15, वेदप्रकाश को 14 व सतीश कुमार को 5 मत मिले। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशी कुमार चुनाव मैदान में थे। जिनके लिए 153 मत डाले गए। अधिवक्ता शशि को 82 मत मिले जबकि कुणाल को 68 मतों पर संतोष करना पडा। 3 मत रद्द मिले। शशि कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी कुणाल को 14 मतों से पराजित कर दिया। बार एसोसिएशन के निवृतमान प्रधान सुनील यादव ने बताया कि एडवोकेट संदीप कुमार उप प्रधान पद के लिए, एडवोकेट सोमबीर सिंह सविव पद के लिए

तथा एडवोकेट जितेंद्र सिंह सिह सचिव पद के लिए निर्विरोध चुने जा चुके हैं। प्रधान तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। मतदान के बाद मतणना कर परिणाम जारी किए गए। इस मौके पर एडवोकेट संदीप यादव, सुभाष शर्मा, सतीश भाटोटिया, ओपी यादव, विक्रम सिंह, पवन कुमार, शिवचरण शर्मा, रामनिवास शर्मा, हरीश यादव उपस्थित थे।

ग्राम सचिव औमप्रकाश यादव 18 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। सेवा निवृति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। एक निश्चित समयावधि के बाद अधिकारी-कर्मचारी को सेवानिवृत होना ही पडता है। ये विचार पंचायती राज विभाग में बतौर ग्राम सचिव एवं इंचार्ज एसईपीओ कार्यरत औमप्रकाश यादव ककराला की सेवानिवृति समारोह में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप स्वामी ने व्यक्त किए। बीडीपीओ ने कहा कि औमप्रकाश यादव ने विभाग ने विकास खंड अटेली, कनीना, बिलासपुर, नारनौल व महेंद्रगढ में करीब 18 वर्ष तक पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से सेवाएं दी हैं उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। उनकी सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह में उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम सचिव राजपाल सिंह, दिनेश कुमार, कृष्ण लाल, सतीश कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

दूसरे के आठवीं कक्षा के प्रमाण पत्र पर फौज में भर्ती होने वाले व्यक्ति पर केस

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। आठवीं कक्षा के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर फोज में भर्ती हुए बवानियां गांव के व्यक्ति के खिलाफ आदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में शिकायत ईश्वर सिंह ने पुलिस अधिकारियों को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने 1984 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। ससे पूर्व 1982 में आठवीं कक्षा पास की थी। आठवीं कक्षा का प्रमाण पत्र लालचंद चोरी कर ले गया ओर फोज में भर्ती हो गया। फोज के रिकार्ड में उसका नाम शैक्षिक प्रमाण के मुताबिक ईश्वर सिंह दर्ज है जबकि उसका असल नाम लालचंद है। जिसने धोखाधडी करते हुए इस कृतय को अंजाम दिया है। कनीना सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

कनीना में कार्यरत हिंदी प्रवक्ता 29 वर्ष की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी में कार्यरत प्रवक्ता नरेश कुमार 29 वर्ष की सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर आयोजित विदाई पार्टी समारोह में हसला के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा ने कहा कि नरेश कुमार ने 10 फरवरी 1996 को राजकीय माध्यमिक विद्यसालय सिहोर शिक्षक पद पर ज्वाईन किया था। 2006 से 2017 तक वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में कार्यरत रहे। हिंदी प्रवक्ता के पद पर पदोन्नत होने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदोला में स्थनांतरित किया गया। 2019 में इनकी बदली राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी में हुई। उन्होंने निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृति समारोह में उनको फूलमाला-पगडी पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षणकाल में उन्होंने अपना कार्य सफलतापूर्वक किया। इस मौके पर प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, स्नेहलता शर्मा, सुमन यादव, कुलदीप सिंह, हेमंत शर्मा, दिनेश कुमार, पवन कुमार, अंजु देवी, रेखा यादव, सविता देवी उपस्थित थे।

महिला महाविद्यालय उन्हाणी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुआ शुभारंभ

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में दो दिवसीय तीसरी वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन व राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि पवित्रा राव थी। जिन्होंने विजेता छात्राओं को पारितोषिक वितरित किए। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के बाद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। उसके बाद छात्राओं ने दौड़, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो में हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने अपने संदेश में कहा कि एनएसएस और खेल गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे छात्राओं में आपसी सहयोग, समन्वय, नेतृत्व क्षमता और संगठन शक्ति जैसे गुणों का विकास होता है। इस मौके पर खेल प्रभारी नीतू कुमारी, डॉ. सत्यजीत, डॉ. सीमा देवी, सीमा उपस्थित थे।

राज्य मन्त्री प्रो. एसपी सिंह बघेल को कामधेनु स्मृति चिह्न तथा गिफ्ट पैक भेंट किया

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड द्वारा प्राणी मित्र एवं जीव दया समारोह वितरण समारोह का आयोजन विज्ञान भवन, दिल्ली में किया गया जहाँ पर प्रो. एस.पी.सिंह बघेल, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मन्त्री, जॉर्ज कुरियन, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मन्त्री, अल्का उपाध्याय, सचिव, पशुपालन और डेयरी विभाग तथा डॉ. अभिजीत मित्र, अध्यक्ष, भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड ने सेवानिवृत्त आई.ए.एस डॉ. एस.पी.गुप्ता को भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में निर्वहन किए गए कार्यकाल के दौरान किए गए असाधारण और समर्पित कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था जिसमें डॉ. गुप्ता ने गोधाम में बनाए जाने वाले पञ्चगव्य निर्मित उत्पादों के विषय में माननीय राज्य मन्त्री, सचिव तथा अन्य महानुभावों को बताया। अन्त में राज्य मन्त्री को कामधेनु स्मृति चिह्न तथा गिफ्ट पैक भेंट किया।

रमजान में पीने के पानी को लेकर आफताब अहमद ने ली अधिकारियों की बैठक

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह विधायक चौधरी आफ़ताब अहमद ने रमजान के पवित्र महीने के शुरू होने से पूर्व शुक्रवार को शहर के पुराने रेस्ट हाऊस में जन स्वास्थ्य विभाग के चीफ़ इंजीनियर शैलेंद्र सिंह, एसई श्रीकृष्ण दहिया, एक्सएन दीपेंद्र राज़ व प्रदीप, सिंचाई विभाग के एक्सएन मुकुल कथूरिया संग बैठक कर पीने के साफ़ पानी और सिंचाई के लिए आवश्यक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहा है। बैठक में स्थानीय शहर और गांवों के लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। विधायक आफताब अहमद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रमज़ान के पाक महीने में किसी भी व्यक्ति को मूल भूत सुविधाओं जैसे पीने का पानी,

सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी की कमी ना हो ताकि उन्हें इस महीने में अनावश्यक दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

बैठक में विधायक आफ़ताब अहमद ने अधिकारियों संग पीने के पानी की समस्याओं, नूरपुर परियोजना, महाग्राम परियोजना मालब- घासेड़ा, नूंह शहर से स्थाई जल निकासी, गांवों से पानी निकालने, सीवरेज समस्याओं सहित चल रही योजनाओं की समीक्षा की है। बैठक के बाद विधायक आफ़ताब अहमद ने बताया कि अगले दो दिनों में रमज़ान का पाक महीना शुरू हो रहा है जिस कारण ये सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है किसी को भी पीने और सिंचाई के पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। अधिकारियों को इन समस्याओं से अवगत कराया गया है, निदान के लिए कई मौके का निरीक्षण भी किया गया है। कोशिश यही है कि जल्द से जल्द लोगों की प्राथमिकताओं का उचित निस्तारण कराया जा सके। पीने और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध पूरा कराने का प्रयास जारी है। विधायक आफताब अहमद ने लोगों को रमजान के पूर्व संध्या पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि लोग खूब ईबादत करें और मानवीय मूल्यों का पालन कर आपसी सौहार्द और भाईचारे को प्रगाढ़ करें। उन्होंने सभी से अपील की कि आसपास ग़रीब और जरूरतमंद लोगों की जरूरतों का ध्यान जरूर रखें।

दसवीं की परीक्षा में दूसरे दिन भी पेपर हुआ लीक

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। दसवीं की परीक्षा में दूसरे दिन भी पेपर हुआ लीक। नूंह जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की हो रही परिक्षाओं में लगातार दूसरे दिन भी पेपर लीक के मामले में नूंह जिला का शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह मिडिया के सामने आए। इस दौरान उन्होंने मिडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जहां गुरुवार को बारहवीं कक्षा का पेपर नूंह के टपकन गांव के परिक्षा केंद्र से लीक हुआ था, वहीं शुक्रवार को नूंह जिले के पुनहाना स्कूल से पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। जिला का शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच कर पुलिस को शिकायत देकर कार्यवाही कराई

जाएगी। जो भी दोषी होंगे उन्होंने बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे होने वाले दसवीं और बारहवीं की परिक्षाओं को नकल रहित कराया जाए, इसके लिए पुलिस के परिक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। दसवीं की परीक्षाओं में नूंह शहर के स्कूलों में नकल करने वालों का ताता लगा रहा। लेकिन स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट की देख रेख में पेपर शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाने के दावे किए जा रहे हे। परीक्षा केंद्र पर पुलिस के बेहतर इंतजाम ना होने की वजह से नकलचियों की परीक्षा केंद्रों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। जिससे परीक्षा केंद्रों पर भारी डिस्टरबेंस नजर आ रहा है। परीक्षा केंद्र के प्रिंसिपल का कहना है कि आउट साइडर की वजह से पेपर देने वाले बच्चों में काफी डिस्टरबेंस हो रहा है और पुलिस का परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम नहीं है। वही कल हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12वीं की परीक्षाएं शुरू हुई। जैसे ही नूंह के टपकन गांव के परीक्षा केंद्र पर छात्र पेपर देने आए तो परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद ही कोड बी का पेपर नूंह में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पेपर लीक होने की खबर सुनते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। शिक्षा विभाग की जांच में रुक्मुदिन व शौकत अली सुपरवाइजर सहित तीन छात्रों को दोषी पाया गया। जिनके खिलाफ टपकन गांव के स्कूल के परीक्षा केंद्र के सुप्रीडेंट द्वारा नूंह सदर थाने में शिकायत दी गई। शिकायत के आधार पर दो सुपरवाइजरों सहित तीन छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वही आज भी नूंह जिले के पुनहाना खंड स्कूल में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आज 10 वीं कक्षा का मैथ का पेपर है। मैथ का पेपर शुरू होते ही एक बार फिर से पेपर आउट हो गया। आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 वीं कक्षा का मैथ का पेपर था जिस तरह कल 12 वीं कक्षा का इंग्लिश का पेपर शुरू होने से पहले ही आउट हुआ था उसी तरह आज 10 वीं कक्षा का मैथ का पेपर भी आउट हो गया है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने रोड शो और जनसभाओं से दिखाई ताकत

भाजपा की एकतरफा लहर से विरोधियों में मची खलबली : विपुल गोयल

47 कमल खिलाकर कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी फरीदाबाद की देवतुल्य जनता : विपुल गोयल

भाजपामय हुआ शहर, जगह-जगह पर लोगों ने रोड शो का किया स्वागत, फूल भी बरसाए

समाचार गेट/नरवीर यादव

फरीदाबाद। नगर निगम चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने रोड शो निकालकर और जनसभाएं कर अपनी ताकत दिखाई। उनका रोड शो जहां-जहां से गुजरा, लोग उनके साथ जुड़ते गए। प्रवीण बत्रा जोशी के रोड शो से लोगों के समर्थन की ताकत दिखी और भाजपा की जीत सुनिश्चित दिखाई दी। चुनावी फिजां में फरीदाबाद शहर भाजपामय हो गया। चुनाव प्रचार अंतिम दिन कई रोड शो व सभाएं आयोजित की गई। पहला रोड शो भारत कालोनी में निकाला गया । फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-33 की भारत कालोनी के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। लोगों ने अपने प्रिय नेता कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और पार्षद प्रत्याशियों पर फूल बरसाये और जगह जगह उनका स्वागत किया । वार्ड 31 में प्रवीण बत्रा जोशी ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ वार्ड 31 प्रत्याशी सैफाली सिंगला और वार्ड 32 विनोद भाटी के समर्थन में ओल्ड फरीदाबाद में भी रोड शो निकाला। इस रोड शो में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल उनके साथ खुली जीप में सवार रहे। इस दौरान उन्होंने वार्ड-31 से पार्षद प्रत्याशी सैफाली सिंगला को भी विजयी बनाने की अपील की। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-33 में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने रोड शो के साथ वीरवती वाटिका में जनसभा भी की। उन्होंने इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी ज्योति सिलानी को भी विजयी बनाने का जनता से आह्वान किया। पिछले करीब दो सप्ताह से चुनाव प्रचार में दिन-रात तूफानी दौरे करते हुए भारतीय जनता पार्टी संगठन ने चुनाव जीत की राह को आसान बनाया है। संगठन के बड़े नेता, मंत्री, पदाधिकारी सबने चुनाव में अपनी ताकत झोंककर रखी। नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में, हर गली, मोहल्ले में मतदाताओं तक पहुंचकर भाजपा के नेताओं ने संगठन का एजेंडा पहुंचाया। अपने विकास का रोडमैप जनता के बीच रखा।

कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने जा रहा है: विपुल गोयल

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी और सभी भाजपा पार्षद प्रत्याशियों को विजेता बनाने की जनता से अपील की। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने कहा कि भाजपा की सौबले इंजन की सरकार जनता के विकास के लिए है और लगातार प्रदेश के विकास के साथ जनता को मजबूत करने का काम कर रही है ।नागर निगम चुनाव में भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी । कांग्रेस का नगर निगम चुनाव में भी सूपड़ा साफ होने जा रहा है। फरीदाबाद की देवतुल्य 47 कमल खिलाकर कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी। कांग्रेस का असतित्व यहां से समाप्त हो जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का एक तो कुनबा घट चुका है। जो बचा है वह आपस में ही झगड़ रहा है। ऐसे में उनसे किसी भी तरह की उम्मीद करना हमारा ही नुकसान है। उन्होंने फरीदाबाद के वोटर्स से अपील की कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अपना एक-एक वोट कमल के फूल पर डालें।

कमल के फूल पर दिया गया एक एक वोट बदलेगा फरीदाबाद की तकदीर एवं तस्वीर : प्रवीण बत्रा जोशी

मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मिले जनता के प्यार से अभिभूत हैं । पिछले 2 सप्ताह के दौरान सभी वार्डों में जनता का भरपूर प्यार और समर्थन मिला और मुझे पूर्ण विशवास है कि 2 मार्च फरीदाबाद की जनता अपने आशीर्वाद के रूप में कमल को वोट देकर भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनकर फरीदाबाद के विकास की सुनिश्चित करेगी। श्रीमती जोशी ने कहा कि कमल का फूल हम सबके सुनहरे भविष्य के लिए है। दो मार्च को कमल के फूल पर दिया गया वोट फरीदाबाद की नई तकदीर लिखेगा। यहां की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि हमारा फरीदाबाद स्वच्छ, सुंदर हो, इसके लिए पूरी योजना से काम किया जाएगा। उन्होंने फरीदाबाद के मतदाताओं से अपील की कि उनके साथ-साथ सभी भाजपा के वार्ड प्रत्याशियों को भी विजयी बनाने का काम करें। 2 मार्च को एक एक वोट कमल के फूल पर डालकर भाजपा को भरी मतों से विजयी बनायें।

मुकेश अग्रवाल के रुप में वार्ड-37 की जनता चुने सशक्त और मजबूत पार्षद : अमन गोयल

भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ा अपार जनसमूह, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। नगर निगम के वार्ड नंबर-37 से भाजपा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए भव्य रोड शो का आयोजन किया। यह रोड शो सेक्टर-10 सथित अश्वनी हॉस्पिटल से शुरु होकर सेक्टर-7-10 की मार्किट होते हुए सेक्टर-9 मार्किट में समाप्त हुआ। रोड शो में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के भतीजे एवं युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने शामिल होकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। इस दौरान रोड शो के दौरान जगह-जगह व्यापारियों, दुकानदारों एवं गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं एवं ढोल नगाड़ों के साथ अमन गोयल व मुकेश अग्रवाल का स्वागत करते हुए उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। रोड शो के दौरान हजारों-हजारों की संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे व बैनर के साथ 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद, विपुल गोयल जिंदाबाद, धनेश अदलखा जिंदाबाद, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, मुकेश अग्रवाल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। जगह-जगह लोगों से मिले अपार स्नेह से गद्गद् भाजपा नेता अमन गोयल ने कहा कि जिस प्रकार से आज रोड शो में लोगों का जनसमूह उमड़ा है, उससे स्पष्ट है कि मुकेश अग्रवाल इस वार्ड से बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुकेश अग्रवाल कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के लाडले है और अगर वार्ड की जनता ने उन्हें मतरुपी आर्शीवाद देकर निगम सदन में भेजा तो वह आपकी सभी समस्याओं को एक कलम से मंत्री विपुल गोयल से समाधान करवाने का काम करेंगे इसलिए आप सभी एकजुट होकर इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल के पक्ष में मतदान करके ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का काम करे। इस दौरान विधायक धनेश अदलखा के भाई सोनू अदलखा व सेक्टर-7-10 मार्किट एसो. के प्रधान हरीश गोरा ने भी लोगों से मुकेश अग्रवाल को जिताने की अपील करते हुए कहा कि यह मेहनती और कर्मठ व्यक्ति है, आपकी समस्याओं को दूर करने में कोई कमी नहीं रहने देंगे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चुनावी अभियान के दौरान जिस प्रकार से उन्हें सर्व समाज का समर्थन रुपी प्यार मिला है, उससे स्पष्ट है कि जनता उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुनने का मन बना चुकी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से इस वार्ड के लोगों की सेवा कर रहे है और यहां की समस्याओं से भली भांति परिचित है, जनता ने अगर अपना आर्शीवाद दिया तो वह योजनाबद्ध तरीके से इस वार्ड रुपी परिवार की समस्याओं को दूर करवाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे और लोगों के मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन झोंकी पूरी ताकत

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। नगर निगम चुनावों के अंतर्गत वार्ड 44 से कांग्रेस के प्रत्याशी शिक्षित कर्मठ युवा नरेन्द्र सिंह ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत लगा दी।

उन्होंने अपार भीड़ के साथ रैली निकाली जिसमें वह अपने समर्थक व आमजन के साथ जन-संपर्क किया वार्ड 44 की जनता ने फूलों से उनका स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

नरेंद्र सिंह ने चुनाव प्रचार के दौरान गांव सोतई, मछगर, नीमका व अन्य गांव में रैली निकाल कर डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान किया। जनता से अपील की वह उनेह हाथ के पंजे पर वोट देकर विजय की ओर ले जाए। ताकि वह जनता जनार्दन की सेवा करने का मौका मिले। उन्होंने कहा वर्तमान में चल रही है सरकार को 11 साल से ज्यादा समय हो गया है लेकिन अब भी जनता विकास कार्यों के लिए तरस रही है।

चुनाव प्रचार के दौरान ही स्थानीय लोगों से उनकी मूलभूत सुविधाओं की कमियों को समझा एवं उन्हें मौके पर ही समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया।

प्रचार के अंतिम दिन अंजना सुंदर शर्मा ने लगाई पूरी ताकत

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। फरीदाबाद मेयर के चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अंजना शर्मा ने अपने प्रचार अभियान के अंतिम दिन अपने समर्थको के साथ जनसंपर्क अभियान में अपनी पूरी ताकत लगा दी।अभियान को तेज कर चुनाव प्रचार में जगह-जगह डोर टू डोर संपर्क किया। अंजना शर्मा ने ओल्ड फरीदाबाद, डबुआ कॉलोनी, संत नगर ,सरपंच कॉलोनी,अजरोंदा, सेक्टर 15 मार्केट,कई जगह सभाएं व डोर टू डोर लोगों से संपर्क किया।अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कार्यक्रमों में जहां उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिला वही उन्होंने लोगों की समस्याओं को देखा की जगह-जगह सड़कों पर खड्डे हुए पड़े हैं कई जगह पानी भरा हुआ है वह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं जिन गलियों में आज तक प्रशासन ने आकर भी नहीं देखा है लोगों ने उनको अपनी समस्याएं बताई जिनको उन्होंने सुना व समझा और कहा कि जल्द ही समस्याओं का निवारण करेंगी। प्रचार के अंतिम दिन पे उन्होंने कहा। मेरी जनता से अपील है कि हमें पीपल के पत्ते का निशान मिला है फरीदाबाद की जनता अपना कीमती वोट पीपल के पत्ते पर देकर उन्हें विजयी बनाएं। अंजना शर्मा ने कहा मेयर बनने के बाद बुजुर्गों व महिलाओं के लिए ओपन जिम, युवाओं के लिए प्लेग्राउंड व डिजिटल लाइब्रेरी।खुले में कूड़ा डालने पर पाबंदी लगाई जाएगी। और कूड़े को सही जगह डालने की व्यवस्था करवाई जाएगी। बिजली पानी हाउस टैक्स प्रॉपर्टी आईडी इत्यादि जैसे कामों के लिए हर वार्ड में नगर निगम कार्यालय खुलवाये जाएंगे। सभी वार्ड में उनकी समस्या सुनने के लिए वही अधिकारी उपलब्ध कराए जाएंगे। हमने जो वादे किए हैं उस पर हम खरे उतरेंगे। चुनाव के अंतिम दिन में हमने अपने प्रचार प्रसार में किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा हम कैलाश मानसरोवर पर्वत पर गए हैं हमारी वहां की मान्यता है हम उनको साक्षी मानकर कहते हैं कि हमने आपसे जो वादे किए हैं हम उनको जरूर पूर्ण करेंगे और जनता की सेवा में अपने जीवन को समर्पण करेंगे। हमारा सब कुछ कैलाश को समर्पण है अब हमने सब कुछ कैलाश व जनता के हाथों में सौप दिया है।

नगर निगम चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, चार हजार जवान सुरक्षा में तैनात

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। आगामी 2 मार्च को होने वाली नगर निगम चुनावों को लेकर फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। मतदान को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में चार हजार के करीब पुलिस बल चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात किया गया है। साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के नौ पुलिस अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए 1302 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए चार हजार के करीब पुलिस बल तैनात रहेगा। जिला फरीदाबाद में कुल 167 संवेदनशील तथा 49 मतदान केंद्र अति संवेदनशील है जहां पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अतिरिक्त पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तैनात किया गया है। मतदान केन्द्र के लिए सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के नौ पुलिस अधिकारियों को पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी सहायता के लिए 1/1 निरीक्षक स्तर का अधिकारी पुलिस बल सहित नियुक्त किया गया है। मतदान के दिन 18 पट्रोलिंग पार्टी अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में पट्रोलिंग करेगी तथा 25 थाना प्रबंधक पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखेने के लिए तैनात रहेगें। पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के साथ कुल छह प्लाटून को रिजर्व के तौर पर रखा गया है। किसी भी अप्रिय घटना पर संबंधित पर्यवेक्षक अधिकारी, संबंधित पट्रोलिंग पार्टी व संबंधित प्रबंधक थाना तुरंत मौका पर पहुंचेगे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था में जिला में 20 नाके लगाए गए है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए हुए हैं, साथ ही असामाजिक तत्वों के लिए फरीदाबाद पुलिस की चेतावनी है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था को बाधित न करें और ना ही सामाजिक माहौल खराब करने की कोशिश करें अन्यथा उनके खिलाफ कानून के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए 1302 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए चार हजार के करीब पुलिस बल तैनात रहेगा।